**परीक्षा पूर्व अभ्यास प्रश्न पत्र - 2023-24**
**कक्षा - 9वीं (सेट – अ)**
**विषय - हिन्दी**

**समय – 3 घंटा** **पूर्णांक – 75**

**निर्देश :-**

i. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं|
ii. प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं|
iii. प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक 30 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं| प्रत्येक उप-प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित हैं|
iv. प्रश्न क्रमांक 6 से 17 तक कुल 12 प्रश्न हैं| प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित हैं| शब्द सीमा लगभग 30 शब्द हैं|
v. प्रश्न क्रमांक 18 से 20 तक कुल 3 प्रश्न हैं| प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित हैं| शब्द सीमा लगभग 75 शब्द हैं|
vi. प्रश्न क्रमांक 21 से 23 तक कुल 3 प्रश्न हैं| प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं| शब्द सीमा लगभग 120 शब्द हैं|
vii. प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक सभी प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिए गए हैं|
viii. यह प्रश्न पत्र अभ्यास मात्र के लिए है| यह आवश्यक नहीं कि वार्षिक परीक्षा में इसी तरह के अथवा यही प्रश्न पूछे जाएँ|

---

**1. सही विकल्प का चयन कर लिखिए -** **(1x6=6)**

i. वीरगाथा काल के श्रेष्ठ महाकाव्य का नाम है –

(अ) पद्मावत (ब) पृथ्वीराज रासो (स) साकेत (द) रामचरितमानस

ii. 'कैदी और कोकिला' रचना है-

(अ) रामधारी सिंह दिनकर की (ब) जयशंकर प्रसाद की (स) महादेवी वर्मा की (द) माखनलाल चतुर्वेदी की

iii. काव्य के भेद माने गए हैं -

(अ) दो (ब) तीन (स) चार (द) छ:

iv. झूरी के साले का नाम था –

(अ) मोती (ब) सुरेश (स) गया (द) हीरा

v. विचार विनिमय के माध्यम को कहते हैं -

(अ) भाषा (ब) शब्द (स) क्रिया (द) वाक्य

vi. फणीश्वरनाथ रेणु के प्रसिद्ध आँचलिक उपन्यास का नाम है -

(अ) देहाती दुनिया (ब) गोदान (स) मैला आँचल (द) साकेत

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कर लिखिए –** **(1x6=6)**

i. कवि रसखान बार-बार -------------------में जन्म लेना चाहते हैं| (ब्रजगोकुल/मथुरा/हरिद्वार)
ii. कविता के शाब्दिक अनुशासन का नाम -----------है| (छंद/रस/अलंकार))
iii. अर्थालंकारों में चमत्कार ------------के कारण होता है| (पद/अर्थ/शब्द )
iv. महादेवी वर्मा के बाबा उन्हें ----------------बनाना चाहते थे| (वकील/कवयित्री/विदुषी)
v. 'अनंत' का विलोम -------------है| (विशाल/अंत/बड़ा)
vi. 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में कुल ----------------पात्र हैं| (चार/पाँच /छ:)

**3. निम्नलिखित कथनों के समक्ष सत्य या असत्य लिखिए –** **(1x6=6)**

i. कबीर एक समाज सुधारक थे |
ii. संचारी भावों की संख्या पैंतीस हैं |
iii. मंगोलों का मुँह लाल होता है |
iv. कहानी गद्य की गौण विधा में आती है |
v. 'भूपति' में ति उपसर्ग है |
vi. लेखिका मृदुला गर्ग की तीसरी नम्बर की बहन का नाम चित्रा था |

**4. सही जोड़ी का मिलान कर लिखिए –** **(1x6=6)**

| **स्तम्भ (अ)** | **स्तम्भ (ब)** |
|---|---|
| i ललद्यद | (क) सुरपति |
| ii सवैया | (ख) स्वर सन्धि |
| iii 'आग' का तत्सम | (ग) कर्नाटक का छोटा क़स्बा |
| iv हरिशंकर परसाई | (घ) अग्नि |
| v 'इंद्र' का पर्यायवाची | (ड.) हँसते हैं रोते हैं |
| vi बागलकोट | (च) वर्णिक छंद |
| | (छ) कश्मीरी कवयित्री |
| | (ज ) मात्रिक छंद |

**5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए –** **(1x6=6)**

i. गाँव में शहरी मेहमान (दामाद) की तरह सज-धज कर कौन आया ?

ii. प्रबंध काव्य के भेदों के नाम लिखिए ?

iii. 'श्यामाचरण दुबे ने किस विश्वविद्यालय से पी.एच.डी. की उपाधि प्राप्त की थी ?

iv. रचना के आधार पर वाक्य के कितने भेद होते हैं ?

v. लेखिका मृदुला गर्ग की परदादी ने मंदिर में जाकर क्या मन्नत माँगी थी ?

vi. 'इस जल प्रलय में' पाठ में बाढ़ के पानी को क्या कहा गया है ?

6. पद्य साहित्य के इतिहास को कितने कालों में बाँटा गया है ? क्रम से कालों के नाम लिखिए | **(2)**

**अथवा**

नई कविता के कोई दो कवियों के नाम एवं उनकी एक-एक रचना का नाम लिखिए |

7. सुमित्रानन्दन पन्त **अथवा** माखनलाल चतुर्वेदी के भाव सौंदर्य की कोई - दो विशेषताएँ लिखिए | **(2)**

8. कवि पन्त ने गाँव को 'मरकत डिब्बे सा खुला' क्यों कहा है ? लिखिए | **(2)**

**अथवा**

कवयित्री ललद्यद का 'घर जाने की चाह' से क्या तात्पर्य हैं ?

9. किस शासन की तुलना तम के प्रभाव से की गई है और क्यों ? **(2)**

**अथवा**

लता ने बादल रूपी मेहमान को किस तरह देखा और क्यों ?

10. सवैया छंद की परिभाषा लिखिए | **(2)**

**अथवा**

पं. जगन्नाथ के अनुसार काव्य की परिभाषा लिखिए |

11. महाकाव्य और खण्डकाव्य में कोई दो अंतर लिखिए | **(2)**

**अथवा**

उपमा अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए |

12. गद्य की प्रमुख विधाओं के नाम लिखिए | **(2)**

**अथवा**

व्यंग्य विधा का सामान्य परिचय लिखिए |

13 मुंशी प्रेमचन्द **अथवा** महादेवी वर्मा की कोई - दो रचनाएँ लिखते हुए साहित्य में उनका स्थान लिखिए | **(2)**

14.'किन घटनाओं से पता चलता है कि हीरा और मोती में गहरी दोस्ती थी ? दो बैलों की कथा पाठ के आधार पर लिखिए | **(2)**

**अथवा**

लेखक राहुल सांकृत्यायन ने डाकुओं से बचने के लिए कौन –सा साधन अपनाया ?

15. सालिम अली पक्षी प्रेमी कैसे बने ? लिखिए | **(2)**

**अथवा**

लेखिका महादेवी वर्मा ने 'मेरे बचपन के दिन' पाठ में अपनी माँ की किन विशेषताओं के बारे में बताया है ? लिखिए |

16. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखते हुए वाक्यों में प्रयोग कीजिए – **(2)**

i. फूला न समाना ii. ईद का चाँद होना

**अथवा**

संधि की परिभाषा एवं प्रकार के नाम लिखिए |

17. बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए हर नाव पर क्या-क्या सामग्री होना आवश्यक है ? **(2)**

**अथवा**

फणीश्वरनाथ रेणु के मित्रों के नाम लिखिए |

18. निम्नलिखित काव्यांश का संदर्भ-प्रसंग सहित भावार्थ लिखिए- **(3)**

हस्ती चढ़ीए ज्ञान कौं , सहज दुलीचा डारि।
स्वान रूप संसार है, भूँकन दे झख मारि॥

**अथवा**

मानुष हौं तो वही रसखानि बसौं ब्रज गोकुल गाँव के ग्वारन।
जौं पसु हौं तो कहा बस मेरो चरौं नित नंद की धेनु मँझारन ॥
पाहन हौं तो वही गिरि को जो कियो हरिछत्र पुरंदर धारन।
जो खग हौं तो बसेरो करौं मिलि कालिंदी दी कूल कदंब की डारन॥

**(3)**

19. निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ-प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए- **(3)**

दोनों बैलों का ऐसा अपमान कभी न हुआ था। झूरी उन्हें फूल की छड़ी से भी न छूता था । उसकी टिटकार पर दोनों उड़ने लगते थे। यहाँ मार पड़ी। आहत-सम्मान की व्यथा तो थी ही, उस पर मिला सूखा भूसा ! नाँद की तरफ आँखें तक न उठाईं।

**अथवा**

टोपी आठ आने में मिल जाती है और जूते उस ज़माने में भी पाँच रुपये से कम में क्या मिलते होंगे। जूता हमेशा टोपी से कीमती रहा है। अब तो जूते की कीमत और भी बढ़ गई है और पर पचीसों टोपियाँ न्योछावर होती हैं। तुम भी जूते और टोपी के आनुपातिक मूल्य के मारे हुए थे। यह विडंबना मुझे इतनी तीव्रता से पहले कभी नहीं चुभी, जितनी आज चुभ रही है, जब मैं तुम्हारा फटा जूता देख रहा हूँ |

20. 'यातायात के नियम' विषय पर एक अनुच्छेद लिखिए | **(3)**

**अथवा**

'भविष्य में आप क्या बनना चाहते हैं' विषय पर अपने बड़े भाई से संवाद लिखिए |

21. निम्नलिखित अपठित काव्यांश **अथवा** गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - **(4)**

समय का सबसे कहना है, जीवन चलते रहना है,
इसको मत बर्बाद करो, सदा काम की बात करो।
फूल सदा मुस्काते है, हमको यह समझाते है,
जीवन हँसते रहना है, दुःख-सुख भी सहना है।
कर्म ही जिसकी प्रीत है, सत्य से जिसको प्रीत है,
अंत में उसकी जीत है, समय भी उसका मीत है।

प्रश्न – i. उपर्युक्त काव्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए |
ii. समय किसका मित्र है ?
iii. उपर्युक्त काव्यांश का भावार्थ लिखिए |

**अथवा**

मानव जीवन के लिए मनोरंजन की अत्यंत आवश्यकता है। मनोरंजन के कार्य तथा साधन कुछ क्षण के लिए मानव जीवन के गहन बोझ को कम करके व्यक्ति में उत्साह का संचालन कर देते हैं। मानव सृष्टि के आरंभ से ही मनोरंजन की आवश्यकता प्राणियों ने अनुभव की होगी और जैसे-जैसे समय व्यतीत होता गया वैसे-वैसे नवीनतम खोज इस अभाव को पूरा करने के लिए की गई।

प्रश्न – i. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए |
ii. मानव जीवन के लिए मनोरंजन क्यों आवश्यक है?
iii. उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए |

22. अपने प्राचार्य को स्थानान्तरण प्रमाण पत्र प्राप्त हेतु आवेदन पत्र लिखिए | **(4)**

**अथवा**

प्रात: कालीन सैर के लाभ बताते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए |

23. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर रुपरेखा सहित सारगर्भित निबंध लिखिए- **(4)**

i. जल संरक्षण
ii. पर्यावरण प्रदूषण : कारण एवं निदान
iii.मेरी प्रिय पुस्तक
iv.आदर्श विद्यार्थी के गुण
v. जीवन में खेलों का महत्त्व